भारत सरकार
भारी उद्योग मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3214**
**22 मार्च, 2022 को उत्तर के लिए नियत**

**चार्जिंग अवसंरचना हेतु निधि**

**3214. सुश्री सुनीता दुग्गल:**
**श्रीमती अपरूपा पोद्दार:**
**श्री विनसेंट एच.पाला:**
**डॉ. सुजय विखे पाटील:**
**श्री केसिनेनी श्रीनिवास:**
**श्री टी.आर.वी.एस. रमेश:**
**श्री अदला प्रभाकर रेड्डी:**
**श्री कृष्णपालसिंह यादव:**
**डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे:**
**डॉ. हिना विजय कुमार गावीत:**
**श्री उन्मेश भैय्या साहेब पाटिल:**
**श्रीमती चिंता अनुराधा:**
**डॉ. बीसेट्टी वेंकट सत्यवती:**
**श्री प्रद्युत बोरदोलाई:**
**डॉ. (प्रो.) किरीट प्रेमजीभाई सोलंकी:**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) फास्टर एडोप्शन एंड मैन्युफेक्चरिंग ऑफ (हाइब्रिड एंड) इलेक्ट्रिक व्हीकल्स इन इंडिया (फेम इंडिया)-1 और फेम-2 के अंतर्गत चार्जिंग अवसंरचना के विकास के लिए आवंटित निधियों का ब्यौरा क्या है तथा उपयोग न की गई राशि का ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या फेम-2 के अंतर्गत स्वीकृत सभी चार्जिंग स्टेशन स्थापित कर दिए गए हैं तथा संचालित है और यदि हां, तो शहर-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा क्रियाशील चार्जिंग स्टेशनों की संख्या कितनी है, दो चार्जिंग स्टेशनों के बीच की औसत दूरी कितनी है;

(ग) क्या सरकार की शहर के अंदर और उन शहरों जहां चार्जिंग स्टेशनों की कमी है, चार्जिंग स्टेशनों को बढ़ाने की कोई योजना है;

(घ) यदि हां, तो इसके लिए विशिष्ट लक्ष्य सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ड.) क्या सरकार ने फेम योजना के अंतर्गत राज्यों में स्थापित ईवी चार्जिंग स्टेशनों के न्यायसंगत वितरण के लिए कोई कदम उठाया हैं;

(च) क्या फेम के अंतर्गत विद्युत वाहनों (ई.वी.) के चार्जिंग स्टेशनों में से कोई नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत से संचालित है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं; और

(छ) विद्युत वाहनों (ईवी) के लिए चार्जिंग स्टेशनों के द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए कौन-कौन से कदम उठाए गए हैं, इन चार्जिंग स्टेशनों द्वारा वार्षिक (औसत एवं कुल) कितनी बिजली उपयोग की गई तथा इसके लिए क्या समय-सीमा है तथा कितना बजटीय आवंटन किया गया?

उत्तर

**भारी उद्योग राज्य मंत्री**

**(श्री कृष्ण पाल गुर्जर)**

**(क) से (ङ)** : महोदय, भारी उद्योग मंत्रालय ने भारत में (हाइब्रिड और) इलेक्ट्रिक वाहन का तीव्र अंगीकरण और विनिर्माण (फेम इंडिया) स्कीम के चरण-I के अंतर्गत लगभग 43 करोड़ रुपये से 520 चार्जिंग स्टेशनों/अवसंरचना को स्वीकृति दी थी।

साथ ही, फेम इंडिया स्कीम के चरण-II के अंतर्गत चार्जिंग अवसंरचना की स्थापना के लिए 5 वर्षों (2019-20 से 2023-24) की अवधि के लिए 1000 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है।

मंत्रालय ने फेम इंडिया स्कीम के चरण-II के अंतर्गत 25 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के 68 शहरों के लिए 2877 चार्जिंग स्टेशनों की भी स्वीकृति दी है। साथ ही, भारी उद्योग मंत्रालय ने इस चरण के अंतर्गत 16 राजमार्गों और 9 एक्सप्रेसवे पर 1576 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग

स्टेशनों की स्वीकृति दी है। फेम इंडिया स्कीम के चरण-II के अंतर्गत शहरों के लिए स्वीकृत और स्थापित चार्जिंग स्टेशनों का विवरण **अनुलग्नक-I** पर है। एक्सप्रेसवे/राजमार्गों के लिए स्वीकृत चार्जिंग स्टेशनों का विवरण **अनुलग्नक-II** पर है। इसके अतिरिक्त, विद्युत मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार, राजमार्ग के दोनों किनारों पर ओर प्रत्येक 25 किमी पर कम से कम एक चार्जिंग स्टेशन होगा और राजमार्ग के दोनों ओर प्रत्येक 100 किमी पर लंबी रेंज/हैवी ड्यूटी वाले इलेक्ट्रिक वाहन के लिए कम से कम एक चार्जिंग स्टेशन होगा। नगर के लिए 3 कि.मी. x 3 कि.मी. के ग्रिड में कम से कम एक चार्जिंग स्टेशन स्थापित किया जाएगा।

(च) और (छ) : महोदय, फेम इंडिया स्कीम के चरण-I के अंतर्गत इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए निम्नलिखित सौर-आधारित चार्जिंग अवसंरचना स्वीकृत की गई थी :

| चार्जिंग स्टेशनों का विवरण | संगठन | स्वीकृत | स्थापित |
|---|---|---|---|
| आरईआईईएल, जयपुर द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए सौर-आधारित चार्जिंग अवसंरचना | आरईएल, जयपुर | 3 | 3 |
| दिल्ली-जयपुर-आगरा राजमार्ग के किनारे सौर ग्रिड हाइब्रिड और ग्रिड-चालित चार्जिंग स्टेशन | आरईआईईएल | 25 | 25 |
| दिल्ली-चंडीगढ़ राजमार्ग के किनारे पर सौर-आधारित चार्जर (20 स्थानों पर) | भेल | 20 | 20 |

******

अनुलग्नक-I

**फेम इंडिया स्कीम चरण-II के अंतर्गत स्वीकृत चार्जिंग स्टेशनों का विवरण**

| क्र.सं. | राज्य | शहर | शहर-वार स्वीकृत कुल इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन | राज्य-वार स्वीकृत कुल इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन | दिनांक : 17-03-2022 की स्थिति के अनुसार स्थापित किए गए इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | विजयवाड़ा | 92 | 266 | |
| 2 | | विशाखापत्तनम | 71 | | |
| 3 | | तिरुपति | 68 | | |
| 4 | | काकीनाडा | 35 | | |
| 5 | असम | जोरहाट | 10 | 20 | |
| 6 | | गुवाहाटी | 10 | | |
| 7 | बिहार | पटना | 37 | 37 | |
| 8 | चंडीगढ़ | चंडीगढ़ | 70 | 70 | |
| 9 | छत्तीसगढ़ | रायपुर | 25 | 25 | |
| 10 | दिल्ली | दिल्ली | 72 | 72 | 5 |
| 11 | गुजरात | अहमदाबाद | 181 | 278 | 2 |
| 12 | | वडोदरा | 37 | | |
| 13 | | गांधी नगर | 10 | | |
| 14 | | सूरत | 50 | | |
| 15 | हरियाणा | गुरुग्राम | 30 | 50 | |
| 16 | | करनाल | 10 | | |
| 17 | | सोनीपत | 10 | | |
| 18 | हिमाचल प्रदेश | धर्मशाला | 10 | 10 | |
| 19 | कर्नाटक | बेंगलूरु | 152 | 172 | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 20 | | गुलबर्गा | 10 | | |
| 21 | | मैंगलूरू | 10 | | |
| 22 | केरल | कोच्चि | 50 | 211 | |
| 23 | | त्रिशूर | 28 | | |
| 24 | | कन्नूर | 27 | | |
| 25 | | कोल्लम, | 25 | | |
| 26 | | तिरुअनंतपुरम | 27 | | |
| 27 | | मलप्पुरम | 28 | | |
| 28 | | कोजिकोड | 26 | | |
| 29 | महाराष्ट्र | मुंबई | 229 | 317 | |
| 30 | | नासिक | 25 | | |
| 31 | | नागपुर | 38 | | 4 |
| 32 | | ठाणे | 25 | | |
| 33 | मध्य प्रदेश | भोपाल | 63 | 235 | |
| 34 | | इंदौर | 117 | | |
| 35 | | जबलपुर | 55 | | |
| 36 | मेघालय | शिलांग | 40 | 40 | |
| 37 | ओडिशा | भुवनेश्वर | 18 | 18 | |
| 38 | पुडुचेरी | पांडिचेरी | 10 | 10 | |
| 39 | राजस्थान | जयपुर | 68 | 205 | |
| 40 | | जोधपुर | 37 | | |
| 41 | | कोटा | 32 | | |
| 42 | | उदयपुर | 37 | | |
| 43 | | अजमेर | 31 | | |
| 44 | सिक्किम | गंगटोक | 29 | 29 | |
| 45 | जम्मू और कश्मीर | श्रीनगर | 25 | 25 | |
| 46 | तमिलनाडु | चेन्नई | 141 | 281 | 7 |
| 47 | | कोयम्बटूर | 25 | | |
| 48 | | मदुरै | 50 | | |
| 49 | | वेल्लोर | 10 | | |
| 50 | | सालेम | 10 | | |
| 51 | | तंजावुर | 10 | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 52 | | तिरुचिरापल्ली | 25 | | |
| 53 | | ईरोड | 10 | | |
| 54 | तेलंगाना | हैदराबाद | 118 | 138 | |
| 55 | | वारंगल | 10 | | |
| 56 | | करीमनगर | 10 | | |
| 57 | उत्तर प्रदेश | लखनऊ | 37 | 207 | |
| 58 | | वाराणसी | 25 | | |
| 59 | | प्रयागराज | 25 | | |
| 60 | | कानपुर | 25 | | |
| 61 | | नोएडा | 55 | | |
| 62 | | अलीगढ़ | 10 | | |
| 63 | | सहारनपुर | 10 | | |
| 64 | | बरेली | 10 | | |
| 65 | | झांसी | 10 | | |
| 66 | उत्तराखंड | देहरादून | 10 | 10 | |
| 67 | पश्चिम बंगाल | कोलकाता | 141 | 141 | |
| 68 | अंडमान और निकोबार | अंडमान | 10 | 10 | |
| **कुल** | | | **2877** | **2877** | **18** |

******

**अनुलग्नक-II**

## एक्सप्रेस-वे/राजमार्गों के लिए यथासंस्वीकृत चार्जिंग स्टेशनों का ब्यौरा

| **क्र.सं.** | **एक्सप्रेसवे** | **इकाई** | **स्वीकृत इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन** |
|---|---|---|---|
| 1 | मुंबई - पुणे | ईईएसएल | 10 |
| 2 | अहमदाबाद - वड़ोदरा | ईईएसएल | 10 |
| 3 | दिल्ली-आगरा यमुना | ईईएसएल | 20 |
| 4 | बेंगलूरु मैसूरु | बीईएल | 14 |
| 5 | बेंगलूरु-चेन्नई | बीईएल | 30 |
| 6 | सूरत-मुंबई | ईईएसएल | 30 |
| 7 | आगरा-लखनऊ | आरईएल | 40 |
| 8 | ईस्टर्न पेरिफरल (ए) | ईईएसएल | 14 |
| 9 | हैदराबाद ओआरआर | ईईएसएल | 16 |
| **क्र.सं.** | **राजमार्ग** | **इकाई** | **स्वीकृत इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन** |
| 1 | दिल्ली - श्रीनगर | ईईएसएल | 80 |
| 2 | दिल्ली - कोलकाता | ईईएसएल | 160 |
| 3 | आगरा - नागपुर | ईईएसएल | 80 |
| 4 | मेरठ से गंगोत्री धाम | आरईएल | 44 |
| 5 | मुंबई - दिल्ली | बीईएल | 124 |
| 6 | मुंबई-पणजी | ईईएसएल | 60 |
| 7 | मुंबई - नागपुर | ईईएसएल | 70 |
| 8 | मुंबई - बेंगलुरु | बीईएल | 100 |
| 9 | कोलकाता - भुवनेश्वर | ईईएसएल | 44 |
| 10 | कोलकाता - नागपुर | ईईएसएल | 120 |
| 11 | कोलकाता - गंगटोक | आरईएल | 76 |
| 12 | चेन्नई-भुवनेश्वर | ईईएसएल | 120 |
| 13 | चेन्नई - त्रिवेन्द्रम | ईईएसएल | 74 |
| 14 | चेन्नई-बेल्लारी | आरईएल | 62 |
| 15 | चेन्नई - नागपुर | ईईएसएल | 114 |
| 16 | मंगलदाई - वाकरो | आरईएल | 64 |
| **कुल** | | | **1576** |

******